Dainik Jagran

Delhi - Apr 26, 2019

Page No:	7	Type:	Newspaper
Page Name:	Delhi Jagran	Language:	Hindi
Size:	95 sq. cm	Circulation:	462,502
AVE:	INR 239,844	Frequency:	Daily

News monitored for: Lemon Tree Hotels

Title: Former IIT student donates Rs. 20 cr

पूर्व छात्र ने आइआइटी दिल्ली को दिए 20 करोड़

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (आइआइटी) के पूर्व छात्र व लेमन ट्री होटल्स के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर पंतजलि जी केसवानी ने संस्थान के रिसर्च सेंटर की इमारत के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 20 करोड़ रुपये दिए हैं। इस इमारत का नाम गोल्डन जुबली गोप एंड लीला केसवानी रिसर्च सेंटर होगा।

केसवानी ने वर्ष 1981 में संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कोर्स किया था। आइआइएम कोलकाता से 1983 में बिजनेस मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा हासिल किया। आइआइटी दिल्ली ने केसवानी को वर्ष 2011 में प्रतिष्ठित पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित भी किया था। वह वर्ष 2011-12 के दौरान आइआइटी दिल्ली के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य भी रह चुके हैं। आइआइएम कोलकाता ने भी वर्ष 2012 में उन्हें पुरस्कृत किया था।

पहले भी कर चुके हैं मदद : आइआइटी दिल्ली ने केसवानी के साथ वर्ष 2010 में रिसर्च सेंटर की स्थापना के लिए साझेदारी की थी। उस समय केसवानी ने संस्थान को 25 लाख रुपये दिए थे। इसके बाद फरवरी 2012 में संस्थान के साथ फिर से उनकी साझेदारी हुई।

इसके बाद मार्च 2012 में रिसर्च सेंटर की नींव रखी गई। संस्थान के निदेशक प्रो. वी रामगोपाल राव ने कहा कि संस्थान पतंजलि केसवानी के योगदान के लिए आभार व्यक्त करता है। इस शोध सुविधा केंद्र से छात्रों को काफी फायदा होगा।

> आइआइटी दिल्ली ने मेरे व्यक्तिगत और पेशेवर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे में पूर्व छात्रों की ओर से कुछ वापस देना सिर्फ एक आभार है।

पतंजलि जी केसवानी

© Dainik Jagran

www.jagran.com